दिनांक 28–03–2014 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में **"वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्वचलित पुस्तकालय की समस्याएं और समाधान"** विषय पर महाविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया. संगोष्ठी के उद्‌घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 रमेश गौड़ और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता संगोष्ठी की शोभा बढ़ा रहे थे. समारोह का आरंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व वन्दना के साथ हुआ. पुष्पों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया. कॉलेज उपप्राचार्य डॉ0 अनिल सिंघल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया. संगोष्ठी के समन्वयक और अग्रवाल महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 राम चन्द्र ने संगोष्ठी के विषय को प्रस्तुत किया. बीज वक्ता डॉ0 रिषी कुमार तिवारी ने बताया कि आज के युग में पुस्तकालयों के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं और समय की माँग यह है कि पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और कम्प्यूटरीकृत करने की सबसे अधिक आवश्यकता है. मुख्य अतिथि डॉ0 रमेश सी. गौड़ ने अपने उदबोधन भाषण में कहा कि पुस्तकालयाध्यक्ष होना वास्तव में गौरव की बात है क्योंकि पुस्तकालय मंदिर की भाँति शिक्षण संस्थानों का पवित्रतम स्थल है. समय के साथ–साथ पुस्तकालयों का स्वरूप भी उपयोगकर्त्ताओं की सुविधानुसार बदलना चाहिए. इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा लिखें पत्रों के संकलित पुस्तकाकार रूप का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया. उद्‌घाटन सत्र के अन्त में मुख्य अतिथि व बीज वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट किए गए. पहले दिन तीन तकनीकी सत्र हुए जिनमें 30 प्रतिभागियों ने अपने पत्र प्रस्तुत किए. पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 निरंजन सिंह ने, दूसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ0 प्रोजेश रॉय ने तथा तीसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ0 सेलक चंद पुस्तकालयाध्यक्ष (चुनाव आयोग, भारत सरकार) ने की. इन तीनों तकनीकी सत्रों में डॉ0 प्रोजेश रॉय, डॉ0 प्रिया रॉय और श्री पी.एन. बाजपाई मुख्य वक्ता थे. इस संगोष्ठी में हरियाणा, पंजाब, के अतिरिक्त गोआ, बंगलौर, चेन्नई और जम्मू कश्मीर से भी प्रतिभागियों ने भाग लिया.